## खबर संक्षेप

### वसुधा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का परिणाम घोषित

**अम्बिकापुर।** वसुधा महिला मंच द्वारा शारदीय नवरात्रि में महिलाओं के लिए 2 वर्ग में आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया है। प्रतियोगिता में शहर की महिलाओं में प्रथम रिया तिवारी, द्वतीय अर्चना सिंह, मुक्ता गुप्ता, संगीता सोनी, तृतीय मधुमती सिंह, नीलिमा मिश्रा, रेणु कुमार रहीं। वसुधा सदस्यों में प्रथम तनुश्री मिश्रा, रेखा इंगोले द्वतीय सरिता भाटिया, जया तिवारी, तृतीय संतोष पाण्डेय, अनुभा डबराल नेहा वर्मा रही। विजेता महिलाओं को 13 अप्रैल को गांधी चौक स्थित दुर्गा मंदिर में वसुधा के देवी जस गीत कार्यक्रम में प्रस्तुत किया जाएगा।

### बालक को पातलू कुत्ता ने काटा, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** एमजी रोड रावतडेंसी निवासी श्रीमती उषा यादव पति नरेश यादव ने गांधीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गत दिन पुत्र दिव्यांश खेल रहा था तभी कॉलोनी के ही डॉ. साक्षी यादव का पालतू कुत्ता बालक को काट लिया। महिला का आरोप है डॉ. साक्षी का पालतू कुत्ता कॉलोनी के अन्य लोगों को भी काट चुका है बावजूद इसके कुत्ता पर अंकुश नहीं लगाया गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने पालतू कुत्ता मालिक के विरूद्ध धारा 289 के तहत अपराध दर्ज किया है।

**Name Change**

I Maheshwar Ram S/o Shri Pramod Ram Rajwade Resident of Village Anganbadipara Lahapatra Tahsil Lakhanpur District Surguja (C.G.) hereby declare that have changed my name from Maheshwar Ram S/o Shri Pramod Ram Rajwade to Maheshwar Ram Rajwade S/o Shri Pramod Ram Rajwade in all the government approved identity proofs to be used for various purposes in the future.

**Deponent**
Maheshwar Ram Rajwade
Village Anganbadipara LahapatraTahsil Lakhanpur District Surguja(CG)

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, सूरजपुर जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

// उद्घोषणा //

सर्व साधारण ग्रामवासी कुरूवां प.ह.नं. 25 तहसील सूरजपुर जिला-सूरजपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक कृष्णा आ. स्व. बद्दूराम जाति उरांव निवासी ग्राम कुरूवां पोस्ट डेडरी थाना जयनगर तहसील सूरजपुर जिला-सूरजपुर (छ.ग.) ने अपने पिता स्व. बद्दूराम के मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है जिसमें कार्यवाही की जा रही है।

अतः इस न्यायालय में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति/आक्षेप हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभावक द्वारा इस नयायालय में दिनांक 15/04/2024 को उपस्थित होकर दावा/आपत्ति/आक्षेप प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति/आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक-28/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी सूरजपुर जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

न्यायालय-श्रीमान जिला न्यायाधीश अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ.ग.

प्रो.नं. 676/24
वि.व्य.वाद क्र. 29/2024
आगामी पेशी तिथि-27.04.2024

ममता झा प्रति अशोक कुमार वगै.

आम सूचना

बनाम :-
आम जनता

इस समंश/नोटिस के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदकगण ने वि.व्य.वाद. क- 29/2024 ममता झा प्रति अशोक कुमार झा व अन्य धारा 24 व्य.प्र.स. का आवेदन पेश कर व्य. न्यायालय वर्ग 1 अम्बिकापुर के समक्ष लंबित उत्तराधिकार प्र.क्र.-11/2022 ममता प्रति अशोक व अन्य को अन्य सक्षम न्यायालय में ट्रांसफर करने का आवेदन पेश किया है।

अतः आम जनता को सूचित किया जाता है कि यदि आवेदन पर किसी प्रकार की आपत्ति हो तो आप पेशी दिनांक-27.04.2024 के सुबह ठीक 11:00 बजे न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर या अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

आपको ताकीद किया जाता है कि यदि आप उक्त दिनांक पर हाजिर नही होते है, तो आपकी गैरहाजिरी में मुकदमें में सुनवाई हो कर फैसला किया जायेगा। यदि उक्त दिनांक -27.04.2024 को अवकाश होने से न्यायालय का कामकाज बन्द रहता है, तो अगले कार्य दिवस पर मामले की सुनवाई की जायेगी।

अतः आज दिनांक 28/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

(राम कुमार तिवारी)
जिला न्यायाधीश
अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)

### क्षेत्र के ग्रामीणों में आक्रोश, कलेक्टर एवं वन विभाग सहित की थाने में शिकायत

# बतौली जंगल के बीच फेंसिंग तार से घेर कर 27 एकड़ वन भूमि पर अवैध कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

जंगल पहाड़ की भूमि को संरक्षित करने शासन द्वारा लगातार प्रयासरत है। परंतु विभाग की लापरवाही के कारण अब जंगल की भूमि भी सुरक्षित नहीं है। बतौली व मैनपाट वन विभाग सर्कल की भूमि पर लोगों की नजर लग गई है। क्षेत्र के पूर्व सरपंच द्वारा जंगल में काबिज भूमि का पट्टा बनवा लिया परंतु 5 एकड़ भूमि की जगह जंगल के बीच 27 एकड़ भूमि पर तार फेंसिंग कराकर कब्जा कर लिया है। इधर घटना की जानकारी लगने पर क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने जंगल के बीच भूमि पर कब्जा करने के विरोध में कलेक्टर, वन विभाग सहित थाने में शिकायत की है। साथ ही दोषी के विरूद्ध कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

**खास बात**

- कार्रवाई नहीं होने पर ग्रामीणों ने दी आंदोलन करने की चेतावनी


बीच जंगल में किए गए घेराव।


विरोध करते ग्रामीण।

मैनपाट वन विभाग सर्कल और बतौली वन विभाग सर्कल के घने जंगल के बीचो बीच पूर्व सरपंच की दबंगई से फेंसिंग तार से लगभग 27 एकड़ भूमि पर घेराव किया गया है। इधर घटना की जानकारी लगने पर ग्राम पंचायत करदना, बिसरपानी, आमगांव, नागादाड के ग्रामीण एकजुट होकर कलेक्टर से लेकर वन विभाग और बतौली पुलिस से जंगल की भूमि पर अवैध कब्जा करने के विरोध में शिकायत की। ग्रामीणों ने दोषी के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है। क्षेत्र के ग्रामीण बीरबल तिग्गा, दिनेश, अनिल पन्ना, मोहरमनी, अनीता तिग्गा, टिब्लू ,सुगंथी, बंधो सुशील, दीपक, सतनारायण यादव, ईरानियुष लकड़ा, मनसुख, श्यामलाल, मोहरलाल सहित अन्य ग्रामीणों ने वन विभाग पर मिलीभगत का आरोप लगाया है। ग्रामीण ने बताया कि जंगल के बीच खुटा और फेंसिंग तार से घेराव किया गया है। घेराव करने के लिए जंगल के साल, सागौन के हरे भरे पेड़ को काट कर फेंसिंग तार से घेराव किया गया है।

**मृत लोगों के नाम पर लिया लोन**

ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्व सरपंच द्वारा उद्यान विभाग बेलकोटा से लोन इंचार्ज से मृत लोगों के नाम से फेंसिंग, तार और खंभे लोन लिया है। जबकि मृतक मंगलेश्वर आ. चेतू, दिल मनिया पति मंगलेश्वर दोनो की मृत्यु लगभग 6-7 साल पूर्व हो गया जबकि चेतू आ. केवला का निधन 2 वर्ष पूर्व हुआ है।

**5 के बजाय 27 एकड़ पर कब्जा**

पूर्व सरपंच को वन भूमि का पट्टा मिला है। वन अधिकार पट्टा केवल 5 एकड़ भूमि का है परंतु पूर्व सरपंच वन सर्कल जंगल के बीच पेड़ों को काटकर लगभग 27 एकड़ भूमि पर कब्जा करने जंगल के पेड़ की लकड़ी से ही घेराव किया है।

**की जाएगी कार्रवाई**

वन भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने तथा जंगल की पेड़ कटाई की जांच कराई जाएगी। जांच उपरांत दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।
-रवि राही, एसडीएम सीतापुर



## मारवाड़ी युवा मंच को मिला राष्ट्रीय व प्रांतीय पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच की प्रांतीय सभा रायपुर में राष्ट्रीय व प्रांतीय अध्यक्ष की उपस्थिति में आयोजित की गई। प्रांतीय सभा में सूरजपुर, सूरजपुर संस्कृति, विश्रामपुर व भैयाथान शाखा को वर्ष भर किए गए कार्यों को लेकर कई राष्ट्रीय व प्रांतीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। राष्ट्र व प्रांत से प्राप्त पुरस्कारों को चारों शाखाओं के पदाधिकारियों की उपस्थिति में पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष सुनील अग्रवाल के निवास पर समारोह आयोजित कर राष्ट्रीय सहायक मंत्री डॉ.अंशुल गोयल व मंडली उपाध्यक्ष प्रशांत गोयल तथा प्रदेश सहायक मंत्री सावन अग्रवाल की उपस्थिति में पुरस्कार शाखाओं को प्रदान किया गया। वहीं सूरजपुर, सूरजपुर संस्कृति, बिश्रामपुर व भैयाथान को प्रांत की विशिष्ट शाखा के साथ सूरजपुर को राष्ट्र की विशिष्ट शाखा का पुरस्कार प्राप्त हुआ। प्रदेश के सर्वोत्तम कार्य पुरस्कार में सूरजपुर शाखा को सहयोग पत्र कार्यक्रम हेतु तथा सूरजपुर संस्कृति शाखा को शिक्षक दिवस के बेहतर आयोजन के लिए अवार्ड दिया गया।

- यश अग्रवाल को श्रेष्ठ कोषाध्यक्ष का अवार्ड

इसके साथ ही पूरे प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ कोषाध्यक्ष के रूप में सूरजपुर शाखा के यश अग्रवाल को प्रदेश में सम्मानित किया गया। इस दौरान सुमित मित्तल, हर्ष दनौदिया, ललीता अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, आयुष गर्ग, रौनक जैन, मुकुल मित्तल, संस्कार अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

## कार्यकर्ताओं की मेहनत से बनी भाजपा की सरकार : लक्ष्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

भाजपा द्वारा सामरी विधानसभा के कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन नगर के मंडी प्रांगण में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े शामिल हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल ने की। इस दौरान कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि कांग्रेस की भ्रष्ट भूपेश सरकार को उखाड़ फेका और भाजपा सरकार आपकी मेहनत से बनी है। एक बार फिर आप मेहनत करें ताकि राज्य की 11 के 11 लोकसभा सीट बीजेपी की झोली में हम दे। पिछली बार सामरी विधानसभा में लोकसभा के लिए 14000 वोटो की बढ़त मिली थी इसे इस बार 50 हजार से अधिक करना है। राज्य में मोदी जी की गारंटी को अल्प समय में हमने पूरा किया है आप सभी को योजनाओं का लाभ मिल रहा है और भी योजनाएं केंद्र की डबल इंजन की सरकार से मिलेगी। विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा ने कही कि राज्य की भाजपा सरकार आप



सभी को किए वादे पूर्ण कर रही है। विधानसभा में भाजपा की स्थिति काफी मजबूत है आपके द्वारा जो भी समस्या बताई गई है उन्हें लोकसभा चुनाव के बाद पूर्ण करेंगे। जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल ने कहा कि आपकी बार 400 पार का लक्ष्य हमें मिला है आप सभी कार्यकर्ता के अनुभव को पार्टी देख चुकी है। कार्यक्रम में चिंतामणी महाराज, कमलभान सिंह, अनिल सिंह मेजर, गौरीशंकर अग्रवाल, संजय सिंह, शिवनाथ यादव, शिवनाथ जायसवाल, अनिल दुबे, प्यारेलाल जायसवाल, मुकेश गुप्ता, अनिल तिवारी विनय भगत, मनोज बंसल, संतोष पांडे, शुभम सोनी ,योगेश यादव ,पंकज गुप्ता, सहित काफी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 17 प्राथमिक स्कूलों में अदाणी ने 15 सौ स्कूल यूनिफॉर्म का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शासकीय स्कूलों में छात्रों की नियमित उपस्थिति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अदाणी

- 20 महिलाओं द्वारा सिलाई कर तैयार किया गया यूनिफॉर्म

फाउंडेशन द्वारा जिले के उदयपुर विकासखंड के शासकीय प्राथमिक स्कूलों में स्कूल यूनिफॉर्म का वितरण किया जा रहा है। पीईकेबी खदान के आसपास के कुल 17 प्राथमिक स्कूलों में कुल 1500 स्कूल यूनिफॉर्म वितरण की योजना है। जिसकी शुरुआत ग्राम बासेन, पेंड्राखीया, चकेरी और झिगझरिया के चार प्राथमिक स्कूलों से की गई। स्कूल यूनिफॉर्म वितरण के लिए आयोजित एक समारोह के मुख्य अतिथि और विधायक राजेन्द्र अग्रवाल द्वारा कक्षा 1 से 5 वीं तक के छात्रों को निःशुल्क स्कूल यूनिफॉर्म प्रदान किया गया। साथ ही गांव के उपस्थित कुछ जरूरतमंद ग्रामीणों को चरण पादुका का वितरण भी किया। इस अवसर पर अदाणी के क्लस्टर प्रमुख मनोज शाही, क्लस्टर एचआर प्रमुख राम द्विवेदी, भू विभाग प्रमुख राजेश साव उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि इन यूनिफॉर्मस को ग्राम साल्ही में स्थित अदाणी कौशल विकास केंद्र में चलाए जा रहे सिलाई और उत्पादन केंद्र में कार्यरत ग्राम साल्ही, तारा, हरिहरपुर और परसा गांवों की 20 महिलाओं द्वारा किया गया है। महिलाओं ने गत वर्ष अदाणी कौशल विकास केंद्र द्वारा चलाए जा रहे तीन महीने का निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में भाग लिया था। अदाणी फाउंडेशन द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने चलाई जा रही सिलाई कौशल में पारंगत होकर ये सभी महिलाएं कौशल विकास केंद्र सिलाई और उत्पादन केंद्र से जुड़कर जीविकोपार्जन तथा लाभ प्राप्त कर रहीं हैं। अदाणी फाउंडेशन द्वारा महिलाओं को ट्यूनिक्स, शर्ट और पैंट सहित कुल 1500 स्कूल यूनिफॉर्म सिलने का काम सहित कपड़े, सिलाई सामग्री और मौद्रिक सहायता सहित आवश्यक संसाधन प्रदान किए गए थे।


अतिथियों के साथ लाभान्वित बच्चे।

## बिजनेस प्लस

### बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल में हुआ माता-पिता मार्गदर्शन कार्यक्रम

**अंबिकापुर।** शहर के डिगमा रोड सरगवां स्थित बिरला ओपन माइंड इंटरनेशनल विद्यालय में माता-पिता का मार्गदर्शन कार्यक्रम बुधवार को संपन्न हुआ। कक्षा नर्सरी से कक्षा सात तक के बच्चों के अभिभावक ने कार्यक्रम में हिसा लिया। कार्यक्रम के दौरान बिरला स्कूल की प्रशिक्षण पॉलवी बनर्जी ने कहा कि बच्चों में बचपन से ही जीवन में नई उमंगें और नयी ऊंचाई आकार लेना शुरू कर देती है। स्कूल के सहायक निदेशक सूरज मित्तल ने कहा कि बच्चों के विकास में स्कूल का प्रमुख योगदान होता है। कार्यक्रम में शिक्षा विधि के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला गया। स्कूल के प्रचार्य मोना बरकटिया ने शिक्षक और माता-पिता के बीच अहम भूमिका निभायी तथा स्कूल के कार्य प्रणाली में छात्र और छात्राओं की मुल्यांकन विधि सहित तमाम जानकारी दी स्कूल के मार्केटिंग हेड उत्कर्ष किरण ने अतिथियों का स्वागत व धन्यवाद दिया और कहा कि क्षेत्रीय बच्चों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के शिक्षा व्यवस्था प्रदान करना ही बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल का उद्देश्य है एडमिन प्रभारी पंकज कुमार ने कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की थी।



## हेल्थ प्लस

### तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी हॉस्पिटल में विशेषज्ञ चिकित्सक कल

**अम्बिकापुर।** तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल में 7 अप्रैल को विशेषज्ञ डॉक्टर परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे। मस्तिष्क, सिर एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीष चौरसिया, रूमेटोलॉजिस्ट (गठियवात) रोग विशेषज्ञ डॉ. बीबी कुमार, मनोचिकित्सक डॉ. गौरीशंकर सिंह, रक्त रोग विशेषज्ञ डॉ. निहार गुप्ता, चर्म रोग, गुप्त रोग, कुष्ट रोग, बालों एवं त्वचा शल्य चिकित्सक डॉ. निश्चल श्रीवास्तव, न्यूरोसर्जन डॉ. आशु जैन संबंधित रोगो से पीड़ित मरीजों के उपचार एवं परामर्श के लिए तेज डायग्नोस्टिक सेंटर एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल, जोड़ा तालाब के सामने बाबूपारा अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे।



### विद्या डायग्नोस्टिक सेंटर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कल

**अम्बिकापुर।** नगर के दर्रीपारा में संचालित विद्या डायग्नोस्टिक एवं सुपर स्पेशलिटी सेंटर में 7 अप्रैल रविवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में विशेषज्ञ डॉ. संजीत जायसवाल (इंडोक्राइन विशेषज्ञ ) द्वारा शुगर, थायराइड, मोटापा एवं हार्मोन संबंधित जांच की जाएगी। संचालक डॉ. विवेक कुमार केशरी (रेडियोलॉजिस्ट) ने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सुबह 10 से दोपहर 4 बजे तक किया जाएगा एवं हमारे यहां सोनोग्राफी, सिटी स्कैन, एक्स-रे, कलर डॉपलर, ईसीजी, ईईजी, स्पायरोमेट्री ऑडियोमेट्री, पैथोलॉजी एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध है।







































## खबर संक्षेप

### भाजपा का पुतला दहन कार्यक्रम आज

**मनेन्द्रगढ़।** 6 अप्रैल शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर युवा मोर्चा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार मनेन्द्रगढ़ जय स्तंभ में भाजपा विजय संकल्प ग्रहण कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम के पश्चात गांधी चौक मनेन्द्रगढ़ में विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत के द्वारा प्रधानमंत्री को लाठी से मारने वाले निम्न कोटि के बयान के विरोध में शाम 5:30 बजे पुतला दहन का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम में मंडल में निवासरत प्रदेश, जिला एवं मंडल के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

### सावंत व सरस का नवोदय में चयन

**बैकुण्ठपुर।** पीएस एकेडमी हाईस्कूल के दो छात्रों का चयन नवोदय विद्यालय एवं सैनिक स्कूल के लिए हुआ। छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। जानकारी के अनुसार उक्त विद्यालय के छात्र सावंत सिंह पैकरा पिता राम सिंह पैकरा एवं सरस साहू पिता संदीप साहू है, जिनका चयन हुआ है।





### लोस चुनाव को लेकर कांग्रेस की हुई बैठक

**मनेन्द्रगढ़।** आने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर युवक कांग्रेस एमसीबी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित किया जाना है। बैठक छग युवा कांग्रेस की राष्टीय महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी सुश्री पलक वर्मा, कोरबा लोकसभा की प्रत्याशी श्रीमती ज्योत्सना महंत, युवा नेता सूरज महंत, युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष कोरबा लोकसभा के प्रभारी मानस देशपांडे, कोरबा लोकसभा के प्रभारी चंदन राय, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव कोमल अग्रवाल, जिला प्रभारी एवं विधानसभा प्रभारी की उपस्थिति में होगी। युवा कांग्रोस एमसीबी के समस्त साथीगण एवं समस्त प्रकोष्ठ जिला कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल, एनएसयूआई, व्यापार प्रकोष्ठ, निर्वाचित पार्षद एवं एल्डरमैन, कांग्रेस के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता से अपील है कि कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। बैठक 6 अप्रैल को दोपहर 2 हरियाणा भवन मनेन्द्रगढ़ में होगी।

### मतदाता जागरुकता पर निकली रैली

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी.राहुल वेंकट के निर्देशानुसार शुक्रवार को महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना मनेन्द्रगढ़ अंतर्गत चैनपुर पंचायत में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत चैनपुर की वरिष्ठ मतदाता जमुना बाई 60 वर्ष, तुलसी कुंवर 56 वर्ष एवं सुकवरिया 54 वर्ष सम्मलित हुई।

### पटना धान खरीदी केन्द्र में अनियमितता का मामला

# तत्कालीन समिति प्रबंधक और बैंक मैनेजर को सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के पटना धान खरीदी केन्द्र में अनियमितता के मामले में न्यायालय ने तत्कालीन समिति प्रबंधक और बैंक मैनेंजर को 3-3 साल का सश्रम कारावास और तीन-तीन हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है।

- **आरोपियों को न्यायालय ने 3-3 वर्ष सश्रम कारावास एवं तीन-तीन हजार रूपए का लगाया अर्थदंड**

न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2011-12 में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति पटना धान खरीदी केन्द्र में अनियमितता की शिकायत पर जांच तत्कालीन खाद्य अधिकारी एएस पैकरा द्वारा किए जाने पर अनियमितता पाई गई और इसी जांच रिपोर्ट के आधार पर तीन आरोपियों के विरूद्ध धारा 420, 409 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर पुलिस ने अभियोग पत्र न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी बैकुंठपुर के समक्ष पेश किया गया। इस मामले में न्यायालय ने तीन आरोपियों को तीन तीन वर्ष के सश्रम कारावास एवं प्रत्येक को 3000-3000 हजार रूपए अर्थदंड की सजा से दंडित करने का फैसला बीते दिनों सुनाया। इस संबंध में न्यायालय से मिली जानकारी के अनुसार पटना के धान खरीदी केन्द्र में सन 2011-2012 में कुल धान 62053.60 क्विंटल धान खरीदी की गई थी, इसमें से 60110.96 क्विंटल धान होना था, लेकिन समिति के स्टॉक में निरंक पाया गया। इस मामले में किसान शिवबालक निवासी चंपाझर, हीरालाल गोड़ शोभनाथ गोड़ हीरालाल चेरवा के पट्टों से आरोपी सूर्य प्रताप गुप्ता ने धान बिक्री कर पैसा समिति प्रबंधक के मैनेजर उमाकांत के द्वारा किसानों को रूपए आहरण न करके सूर्य प्रताप को आहरण किया। इस तरह षड़यंत्रपूर्वक 2156330.40 रूपए गबन कर दिए। जांच में गिरधारी दस समिति प्रबंधक पटना, सेवा सहकारी मर्यादित बैंक बैकुंठपुर के प्रबंधक उमाकांत द्विवेदी के विरूद्ध अनियमितता पाया गया। जिस पर तीनों आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया।



जांच में पाया गया था कि वर्ष 2011-12 में आदित जाति सेवा सहकारी समिति द्वारा कुल 62093.60 क्विंटल धान समर्थन मूल्य पर खरीदी की गई थी। इसमें 60110.986 क्विंटल धान मिलिंग के लिए भेजा गया और शेष धान 1942.64 क्विंटल धान बचत स्टाक में होना था, लेकिन समिति के स्टॉक में निरंक बताया गया। इस मामले में चालान न्यायालय में पेश होने पर दोनों पक्षों की सुनवाई पश्चात न्यायालय ने आरोपियों को अनियमितता का दोषी पाया और प्रत्येक आरोपी को 3-3 वर्ष सश्रम कारावास एवं तीन-तीन हजार रूपए अर्थदंड से दंडित किया।

# यूपी-बिहार में बिक रहे कोरिया के कटहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

गर्मियों के सीजन में होने वाला कटहल बाजार में पहुंचने लगा है। वर्तमान में कटहल छोटे साइज के बिक रहे हैं, जिसे खाने का स्वाद ही अलग रहता है। छोटे साइज के कटहल की सब्जी स्वादिष्ट बनती है , जिसके कारण कई लोग छोटे साइज के कटहल की मांग अधिक करते हैं। वहीं जब कटहल बड़े हो जाते हैं और उनमें बीज भर जाता है, तब भी कटहल की सब्जी चाव से खाया जाता है। कोरिया जिले में लगभग हर गांव में कटहल के पेड़ कई परिवारों का है।

- **बाहर के व्यापारी पहुंच रहे खरीदी करने**

गर्मी के सीजन में कटहल की मांग हमेशा ही बनी रहती है। इसकी मांग अपने जिले के शहर गांव में ही नहीं बल्कि जिले के बाहर से विक्रय के लिए ले जाया जाता है। कोरिया जिले के हर गांव में कटहल का पेड़ लोगों ने लगाए हैं, जहां इस सीजन में कटहल का विक्रय करते हैं। स्थानीय स्तर पर कटहल की आवक भी हो रही है और कटहल के साइज के अनुसार उसका रेट तय किया जाता है। शहर के बाजार में प्रतिदिन कटहल लेकर व्यापारी पहुंचते हैं, जहां इसकी खरीदी लोगों के द्वारा की जाती है। कटहल एक फल है, लेकिन इसका उपयोग सब्जी के रूप में किया जाता है। जब कटहल के फल बड़े हो जाते हैं तो शादी विवाह के दौरान सब्जी बनाया जाता है, जिसके कारण इसकी मांग इस सीजन में अधिक रहती है।



### जिले का कटहल यूपी, बिहार, झारखंड तक

कोरिया जिले के गांव-गांव में स्थित कटहल पेड़ का फल कोरिया जिले ही नहीं, बल्कि प्रदेश के दूसरे जिले एवं यूपी, बिहार, झारखंड़ प्रांतों के शहरों में भी भेजा जाता है। जिले में कटहल का पेड़ प्रत्येक गांव में कई ग्रामीण परिवारों के यहां देखा जा सकता है। कटहल पेड़ पर इस वर्ष भी भारी मात्रा में फल लगे हैं, जिसे तोड़कर बाजारों में विक्रय किया जा रहा है तथा जिले के दूसरे शहरों के अलावा अन्य प्रांतों में भी निर्यात किया जाता है। इस तरह कटहल का फल ग्रामीण परिवारों के लिए आर्थिक संबल प्रदान करने वाला पेड़ है।

### व्यापारी पूरे पेड़ कर कर लेते हैं सौदा

कोरिया जिले के गांव-गांव में स्थित कटहल का पेड़ हैं, इनमें प्रतिवर्ष फल लगते हैं। जानकारी के अनुसार कई व्यापारियों के द्वारा गांव-गांव में घूमकर कटहल पेड़ों पर लदे फल को देखकर पूरे पेड़ का सौदा कर लेते हैं और फिर कटहल फल के बडे साइज के हो जाने पर व्यापारी फल को तोड़वाकर उप्र के प्रयागराज, बनारस के साथ बिहार व झारखंड़ प्रांत के शहरों में ले जाकर विक्रय करते हैं। ऐसा प्रतिवर्ष व्यापारी पूरे पेड़ के फल को खदीदने का कार्य करते हैं, जिससे कि ग्रामीण परिवारों को कटहल के चिल्हर विक्रय करने की भी जरूरत नहीं पड़ती।

# कैंडल जलाकर मतदाताओं किया गया जागरूक



जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी.राहुल वेंकट के निर्देशन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के माध्यम से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

विगत दिवस ग्राम पंचायत बेलबहरा में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत ग्रामीणों के द्वारा मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर का नक्शा तैयार कैंडल प्रज्जवलित कर शत-प्रतिशत मतदान के लिए नए मतदाताओं, दिव्यांगजनों एवं वयोवृद्धों से आगामी लोकसभा निर्वाचन 7 मई को मतदान केन्द्र पहुंचकर मतदान करने के लिए अपील की गई। इसके साथ ही यह संदेश दिया कि प्रत्येक मतदाता यदि अपने मतदान का उपयोग बिना प्रलोभन, भय या धर्म वंश जाति से मुक्त होकर निर्वाचन महापर्व को हर्षोल्लास से मनाएंगे, अंत में उपस्थित मतदाताओं, ग्रामीणों ने शत-प्रतिशत करने और कराने एमसीबी में नए कीर्तिमान स्थापित करने के लिए शपथ लें। कैंडल प्रज्जवलित करने का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति को मतदाता की सहभागिता जिस प्रकार एमसीबी के नक्शे में प्रकाश मान हुआ है, ठीक इसी प्रकार प्रत्येक मतदाता की सहभागिता से लोकतंत्र मजबूत होगा। कार्यक्रम में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के जिला समन्वयक राजेश जैन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला प्रबंधक सिमेन्द्र सिंह, कलस्टर समन्वयक प्रभा प्यासी, सचिव भूपेन्द्र सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण, युवा, छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

### बाइक सवार ने कालरी कर्मी को मारी टक्कर

**बिश्रामपुर।** शादी का कार्ड बांटने से पैदल सड़क पार कर रहे कालरी कर्मी को अज्ञात बाइक चालक ने जबरदस्त टक्कर मार दी है। दुर्घटना में कालरी कर्मी की स्थिति गंभीर बताई जा रही है, जबकि बाइक सवार भी बेसुध हो गया है। जानकारी के अनुसार सूरजपुर निवासी केतकी खदान में कार्यरत कालरी कर्मी 52 वर्षीय बसंत लाल साहू गुरुवार की शाम नगर के मुख्य मार्केट में प्रेम लाल मोदनवाल के यहां शादी का कार्ड बाटने आया था, जो अपनी बाइक को मुख्य मार्ग पर ही सड़क किनारे खड़ी करके पैदल सड़क पार कर रहा था, तभी प्लेटिना मोटर साइकिल के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए कालरी कर्मी को पीछे से जबरदस्त टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाइक चालक नशे में धुत था।

### धूप से बचने अब नकाब का सहारा..



**बैकुण्ठपुर।** गर्मी के तेवर दिनों दिन बढ़ती जा रही है। लगातार धूप खिलने से धूप भी अब झुलसाने लगी है, ऐसे में हर कोई धूप से बचने के लिए अपने सिर व चेहरे को बांधकर ही धूप में निकल रहा है, जिसे देखते हुए शहर के मुख्य मार्ग पर गमच्छे व स्कार्फ की बिक्री शुरू हो गई है।

### दोपहर में गुल रही बिजली शहरवासी हलाकान

**बैकुण्ठपुर।** शहर क्षेत्र में 5 अप्रैल को कई घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही, जिसके कारण बढ़ती गर्मी में लोगों को परेशानियों का सामना पड़ा, वहीं व्यापारियों को भी विद्युत बाधा के कारण परेशानी हुई। जानकारी के अनुसार कोरबा से फाल्ट होने के कारण 5 अप्रैल की दोपहर लगभग 1.30 बजे से अचानक शहर क्षेत्र की बिजली गुल हो गई और इंतजार के बाद भी विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं होने पर लोगों को गर्मी में पसीने से तरबतर होना पड़ा।

# गर्मी में गौवंशों के पेयजल के लिए नाद तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

भीषण गर्मी को देखते हुए प्रतिवर्ष की भॉति इस वर्ष भी बैकुंठपुर क्षेत्र में घूम रहे बेजुबान गौवंशों के पेयजल के लिए पानी के 60 नग नाद की व्यवस्था जन सहयोग से करवाई गई है।

इस संबंध में गौ रक्षा वाहिनी के जिलाध्यक्ष अनुराग दुबे ने कहा कि आम इंसान तो कहीं भी रुक करके पानी पी सकता है पर बेसहारा बेजुबान पशुओं को गर्मी के दिन में बहुत ही ज्यादा पेयजल की दिक्कत होती है। गर्मी में आसपास के सभी नाले तालाब सूख जाते हैं, बेजुबानों की इसी तकलीफ को देखते हुए शहर के विभिन्न लोगों के जन सहयोग से नाद की व्यवस्था की गई है। इसमें ज्ञानेन्द्र शुक्ला के द्वारा 10 नाद, विपिन मिश्रा द्वारा 10 नाद, अनमोल पाल सानू के द्वारा 10 नाद ,महामाया डेयरी के संचालक नयन केवलानी के द्वारा 10 नाद, जुगल किशोर शिवहरे द्वारा 5 नाद, आयुष नामदेव के द्वारा 5 नाद एवं स्वयं द्वारा 10 नाद की व्यवस्था की गई है। इस तरह कुल 60 नाद 25 हजार रूपए की लागत से तैयार कराई गई है।






# महाराष्ट्र से पहुंचे खस के व्यापारी, कीमतों में खासा इजाफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

गर्मी के मौसम में प्रतिवर्ष शहर में खस के व्यापारी खस की चटाई बनाकर विक्रय करने के लिए पहुंचते हैं। इस वर्ष भी खस के कुछ परिवार के सदस्य कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में पहुंच कर अस्थाई रूप से डेरा जमाकर खस की बिक्री कर रहे हैं।

- **अस्थाई रूप से डेरा जमा कर रहे खस की बिक्री**
- **इस साल खस की कीमत 250 से 300**

जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र से खस के व्यापारी इस वर्ष भी गर्मी का व्यापार करने के लिए शहर के सिविल लाईन सड़क किनारे डेरा डाल दिए हैं और अपने डेरा के पास ही खस का व्यापार कर रहे हैं। इन व्यारियों ने अपने साथ भारी मात्रा में खस लेकर पहुंचे हैं तथा कूलर में लगाने के लिए खस की चटाई तैयार कर विक्रय कर रहे हैं। व्यापारियों ने बताया कि विभिन्न साइज की खस की चटाई उनके द्वारा तैयार की गई है, इसके अलावा ग्राहकों के डिमांड पर उनके नाप के अनुसार खस की चटाई तैयार करते हैं। फिलहाल खस व्यापारियों के पास इस समय ग्राहक लगातार पहुंच रहे हैं। व्यापारियों ने बताया कि गर्मी बढ़ने के साथ ही व्यापार अच्छा चलता है। अभी ग्राहकी ठीक चल रही है, इस वर्ष अच्छा व्यापार की उम्मीद लगाए हुए हैं। व्यापारियों ने बताया कि वे कई सालो से महाराष्ट्र से कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर खस का व्यापार करने पहुंचते हैं तथा गर्मी के जाते-जाते वे भी अपने गांव लौट जाते हैं। इस साल खस की कीमत 250 से शुरु होकर 300 तक पहुंचगई है।



शहर में बिक्री के लिए पहुंचे खस व्यापारी।

### कूलर की हवा को ठंडी करता है खस

खस का उपयोग कूलर में ठंडी हवा प्राप्त करने के लिए किया जाता है। कूलर के तीन ओर खस की चटाई लगा दी जाती है और जो पानी के संपर्क में आकर खस में नमी बनी रहती है, जिससे कि कूलर से चलने वाली हवा से हमें ठंडक का अनुभव होता है। भीषण गर्मी में खस की चटाई लगे कूलर में भी ठंडी हवा मिलती है। यही कारण है कि लोग अपने कूलर में खस की चटाई का उपयोग करते हैं, इसके अलावा अन्य तरह से भी खस का उपयोग किया जाता है, यही कारण है कि खस की मांग गर्मियों में बढ़ जाती है।

